AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेसनोट थाना डौकी जनपद आगरा। 18.06.2022

थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में हुयी पशु चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 05 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमन्चा मय कारतूस व रू0 18200/- बरामद....

उपरोक्त दुस्साहसिक घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी सदर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सदर को टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में दिनांक 17.06.2022 को थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त व चैकिंग की जा रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम पूठा झील चौराहे पर पहुंची, इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम झील बघेल व नदौता से जो भैसें चोरी हुयी थीं, वही चोर हैं, जिनके साथ थाना एत्मादपुर पुलिस की मुठभेड़ हुयी थी और एक साथी शमीम उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया गया था एवं कब्जे से हिगोट खेरिया से चोरी की भैंस को बरामद किया गया था। आज वही चोर मैक्स पिकअप गाड़ी लेकर चोरी की योजना से नदौता अन्डरपास के पास खड़े हुए हैं, यदि जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते हैं।

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान के पास पहुंची। दूर से देखा तो मैक्स पिकअप गाड़ी खड़ी हुयी थी, जिसके पास एक व्यक्ति खड़ा हुआ था एवं कुछ व्यक्ति गाड़ी में बैठे हुए थे। पुलिस टीम को देख अभियुक्त गाड़ी को स्टार्ट करके टूण्डला की ओर भागने लगे एवं पैदल भाग रहे व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया।

✓ पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर अपना नाम खानू उर्फ कन्जा बताया गया। अन्य अभियुक्त के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया गया कि जो अभी गाड़ी से भागे हैं वह मेरे साथी गट्टा, मुन्ना, मकबल, कालिया, सनी व काऊ थे। हम सबने मिलकर 01 महीने में तीन गाँवों से भैंस चोरी की घटनाऐं की हैं।

पहली घटना हमने लगभग 01 महीने पूर्व सड़क किनारे गाँव था, के बाड़े का दरवाजा खुला था, जहां से 02 भैंस चोरी करके गाड़ी में लाद ली थीं। जब हम तीसरी भैंस को लाद रहे थे तो एक महिला ने पीछे से आकर भैंस को पकड़ लिया था और शोर मचा दिया था। हमने जबरदस्ती तीसरी भैंस भी लाद ली और भाग गये।

दूसरी घटना हमने कुण्डौल के पास ग्राम नदौता के दो घरों का ताला तोड़कर दो भैंस चोरी की, जिन्हें हमने अपनी गाड़ी मे लांद लिया जब हम तीसरी भैंस को लाद रहे थे तो एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जिसे हमने भैंस मालिक समझा और हवाई फायर कर दिया और तीसरी भैंस छोड़कर भाग गये।

तीसरी घटना हमारे द्वारा दो दिन बाद ही हिंगोट खेरिया से एक भैंस को खोलकर गाड़ी में लाद लिया, लेकिन जब हम एत्मादपुर की ओर जा रहे थे तो रास्ते में पुलिस से मुठभेड़ हो गयी और हम गाड़ी व भैंस छोड़कर भाग गये और हमारा एक साथी समीम उर्फ कालिया पकड़ा गया।

भैंस चोरी करके हम लोग तुरन्त छलेसर स्थित कट्टी घर में ले जाते हैं, जहाँ पर पशु आड़तिया आसिफ, फारूख, अनवर, हकीम को कम दामों पर बेच देते हैं, जिससे पुलिस को भैंस के बारे में कोई पता नहीं चलता है। अन्य अभियुक्तों के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि वह छलेसर स्थित कार्यालय में ही होंगे।

✓ अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी:-

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताये स्थान पर पहुंच एक बारगी दबिश देते हुए कार्यालय पर पहुंच चार अभियुक्तगण आसिफ, फारूख, अनवर व हकीम को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर बताया गया कि हम यहां शादाब खान आड़ती व वकील भाई आड़ी के कार्यालय में काम करते हैं। हम लोगों द्वारा आपस में मुनाफा कमाने के लिए पशुओं को चोरों से सस्ते

दामों में खरीद लेते हैं, जिससे हमें अतिरिक्त मुनाफा हो जाता है, इसकी जानकारी हमारे मालिक को नहीं है, यह लोग कई बार चोरी की भैंस लेकर यहां आये हैं, जिन्हें हमारे द्वारा खरीदा गया।

✓ गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

01. खानू उर्फ कन्जा उर्फ भूरा पुत्र फकीरा निवासी बाजिदपुरा जनपद फिरोजाबाद हालनिवासी सुशील नगर थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।

02. आसिफ खान पुत्र अजमद अली निवासी शहीद नगर थाना सदर जनपद आगरा।

03. फारूख पुत्र बसीमुद्दीन निवासी नई आबादी कर्वला थाना न्यू आगरा जनपद आगरा।

04. अनबर खान पुत्र दाईम खान निवासी ग्राम व थाना कागोजी जनपद पाटम गुजरात।

05. हकीम पुत्र कहलू निवासी जमालपुर थाना जमालपुर जनपद दरभंगा बिहार।

✓ बरामदगी का विवरणः-

01. 01 अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर।

02. रू 18,200/- (नगदी) ।

✓ गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

01. खानू उर्फ कन्जा उर्फ भूरा पुत्र फकीरा निवासी बाजिदपुरा जनपद फिरोजाबाद हालनिवासी सुशील नगर थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।

01. मु0अ0सं0 98/22 धारा 380/411/120बी भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 118/22 धारा 457/380/336 भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

03. मु0अ0सं0 127/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना डौकी जनपद आगरा।

02. आसिफ खान पुत्र अजमद अली निवासी शहीद नगर थाना सदर जनपद आगरा।

01. मु0अ0सं0 98/22 धारा 380/411/120बी भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 118/22 धारा 457/380/336 भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

03. फारूख पुत्र बसीमुद्दीन निवासी नई आबादी कर्वला थाना न्यू आगरा जनपद आगरा।

01. मु0अ0सं0 98/22 धारा 380/411/120बी भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 118/22 धारा 457/380/336 भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

04. अनबर खान पुत्र दाईम खान निवासी ग्राम व थाना कागोजी जनपद पाटम गुजरात।

01. मु0अ0सं0 98/22 धारा 380/411/120बी भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 118/22 धारा 457/380/336 भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

05. हकीम पुत्र कहलू निवासी जमालपुर थाना जमालपुर जनपद दरभंगा बिहार।

01. मु0अ0सं0 98/22 धारा 380/411/120बी भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 118/22 धारा 457/380/336 भा0द0वि0 थाना डौकी जनपद आगरा।

✓ **पुलिस टीम का विवरण:-**

01. थानाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह थाना डौकी जनपद आगरा।

02. उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह थाना डौकी जनपद आगरा।

03. है0का0 नेत्रपाल सिंह, है0का0 अखिलेश कुमार, है0का0 कम्बोद, का0 राहुल डागर थाना डौकी जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।